भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3031
दिनांक 18 दिसंबर 2025

संयुक्त राज्य अमेरिका से एलपीजी का आयात

†3031.श्री ए. राजाः
श्री आनंद भदौरियाः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र की परिशोधनशालाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका से एलपीजी का आयात करने हेतु कोई समझौता या अनुबंध किया है, जो घरेलू बाजार के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से एलपीजी के सम्बंध में पहला संरचित अनुबंध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) खाड़ी देशों से आयातित एलपीजी की कीमत और गुणवत्ता की तुलना में उक्त व्यवस्था की स्थिति क्या है;
(ग) संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एलपीजी आयात के लिए समझौता करने के क्या कारण हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका से इसकी ढुलाई के कारण लागत में होने वाली वृद्धि के सम्बंध में क्या प्रभाव पड़ेगा;
(घ) क्या उक्त समझौता या अनुबंध भारत के वार्षिक एलपीजी आयात के दस प्रतिशत की आवश्यकता की पूर्ति करेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या इस समझौते के कारण रूस से खरीद की मात्रा कम हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ङ) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसई), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने संविदा वर्ष 2026 के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) के खाड़ी तट से लगभग 2.2 एमटीपीए एलपीजी आयात करने के लिए एक वर्षीय संरचित संविदा सफलतापूर्वक समाप्त की है। यह भारत के वार्षिक एलपीजी आयात का लगभग दस प्रतिशत है और भारतीय बाजार के लिए इस प्रकार की पहली संरचित अमेरिकी एलपीजी संविदा है।

तेल और गैस क्षेत्र की पीएसई वहनीय और विश्वसनीय एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विकल्प स्रोतों में विविधता लाने और किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका से प्राप्त एलपीजी गुणवत्ता में खाड़ी देशों से प्राप्त एलपीजी के समतुल्य है और इसका मूल्य भी प्रतिस्पर्धी है।

वर्तमान में, पीएसई द्वारा रूस से एलपीजी आयात करने के लिए कोई संविदा नहीं है।

*****